**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 21.09.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम में मा0 जलशक्ति राज्यमंत्री श्री रामकेश निषाद द्वारा महिला पुलिसकर्मियों की स्कूटी रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना। रैली के माध्यम से महिलाओं/बालिकाओं को उनकी सुरक्षा हेतु शासन द्वारा चलाई जा योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में किया जाएगा जागरुक।**

**विवरण**- महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम आज दिनांक 21.09.2025 को जनपद बांदा में महिला पुलिस अधीकारियों/कर्मचारियों की बृहद स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। जागरुकता रैली को पुलिस लाइऩ बांदा से मा0 जल शक्ति राज्यमंत्री श्री रामकेश निषाद द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जागरुकता रैली पुलिस लाइन से प्रारम्भ होकर महाराणआ प्रताप चौराहा, कालूकुआँ, बाबूलाल चौराहा, मर्दननाका, बलखण्डीनाका, स्टेशन रोड होते हुए वापस पुलिस लाइन में समाप्त हुई। जागरुकता रैली के माध्यम से महिलाओं/बालिकाओं को शासन द्वारा उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाई जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान मा0 विधायक नरैनी श्रीमती ओममणि वर्मा, श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस., जिलाधिकारी बांदा श्रीमती जे0 रिभा, पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल, अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मालती बासू तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत सभी थाना क्षेत्रों में व्यापक रुप से जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। अभियान के अन्तर्गत विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें महिला पुलिस अधिकारियों द्वारा स्कूलों, कॉलेजों, ग्राम सचिवालयों, बाजारों आदि स्थानों पर चौपाल का आयोजन कर महिलाओं/बालिकाओं को उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु शासन द्वारा चलाई जा विभिन्न योजनाओं एवं हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में जानकारी दी जाएगी।